# मतदान से बढ़ेगी लोकतंत्र की शान और चुनेंगे मिलजुलकर भाग्य विधाता

## दैनिक जागरण की ओर से कोल्हान इंटर कालेज एंड इस्टीम पब्लिक स्कूल चलियामा में चला मतदाता जागरूकता अभियान, बढ़चढ़कर भाग लेने की अपील




दैनिक जागरण की ओर से कोल्हान इंटर कालेज में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम में शामिल निदेशक सह प्राचार्य डा. मनोज कुमार झा व विद्यार्थी • जागरण

**जागो वोटर**

जासं, चाईबासा : सिंहभूम संसदीय सीट पर शत-प्रतिशत मतदान के लिए शनिवार को दैनिक जागरण की ओर से कोल्हान इंटर कालेज एंड इस्टीम पब्लिक स्कूल चलियामा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। साथ ही उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों से कहा गया कि मतदान से लोकतंत्र की शान बढ़ेगी और हम अपने भाग्य विधाता का चयन कर संसद भेजेंगे। भाग्य विधाता वही होता है जो हमारे लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाली हर छोटी-बड़ी समस्याओं को प्रमुखता से समाहित करते हुए संसद की पटल में रखे और उसका निराकरण कराकर जनता को समर्पित करें। इसलिए सिंहभूम संसदीय सीट पर 13 मई को वोट पड़ेंगे। इसमें बिना झिझक और सोच-समझकर अपने प्रत्याशी को मतदान करें और भाग्य विधाता चुनें। क्योंकि हम मतदान के समय अगर जरा सा भी चूक गये तो पांच साल सिर्फ पछतावा ही देखने को मिलेगा।



सभी लोग मतदान करेंगे तभी तो देश विकास की प्रगति की ऊंचाइयों को छुएगा और केंद्र में सशक्त सरकार का गठन किया जा सकेगा। मतदान करना हर मतदाता का पहला कर्तव्य है। अगर आप मतदान करने से चूक गये तो पांच वर्ष सिर्फ पछतावा होगा।

**-डा. मनोज कुमार झा**, निदेशक सह प्राचार्य, कोल्हान इंटर कालेज चलियामा।



दैनिक जागरण अखबार की ओर से यह एक अच्छी पहल है। समाज के लिए जहां इस तरह के कार्यक्रम के द्वारा लोगों में मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विद्यालय से जुड़े शिक्षक, अभिभावक, बच्चे लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी निभाएं।

**-टी. कुमार**, प्राचार्य इस्टीम पब्लिक स्कूल चलियामा।



सभी लोग मतदान करेंगे तभी तो लोकतंत्र की शान बढ़ेगी। मैं लोगों को मतदान के लिए जागरूक करता हूं। मेरे प्रयास है कि शहर से लेकर पंचायत और गांव से लेकर वार्ड तक निवास कर रहे अंतिम व्यक्ति तक अपने बूथ केंद्र में समय पर जाए और मतदान करें।

**-अमित मोदक**, शिक्षक इस्टीम पब्लिक स्कूल चलियामा



मतदान एक निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित कराता है। साथ ही सामाजिक और राजनीतिक समानता को बढ़ावा देता है। इसलिए अपने अधिकार का प्रयोग कर सही प्रत्याशी का चयन कर भाग्य विधाता चुने जिससे आम जनता की समस्याएं खत्म हो।

**-गणेश खंडाइत**, शिक्षक इस्टीम पब्लिक स्कूल चलियामा।



मतदान करना सभी का अधिकार है और मतदाता अपने मतों का सही प्रयोग करें। जिस तरह दैनिक जागरण अखबार की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है निश्चित यह कारगर साबित होगा और लोगों में मतदान करने के प्रति जागरूकता आएगी। **-अविनाश कुमार**, छात्र



मनपसंद प्रत्याशी और विकास के प्रति समर्पित उम्मीदवार को वोट देना चाहिए। घर के सदस्यों को भी ऐसा करने के लिए अपील करती हूं। इसलिए सभी को इसमें भागीदार बनना चाहिए। मतदाता किसी के बहकावे में ना रहे और स्वतंत्र होकर मतदान करें।

-श्रेया कुमारी, छात्रा इस्टीम पब्लिक स्कूल चलियामा।



मतदान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। मतदान से हम एक सशक्त सरकार चुनकर देश की उस कुर्सी पर बैठाते है जहां से राष्ट्र का निर्माण और भविष्य बनता है। इसलिए हम सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। एक-एक वोट देश को मजबूत बनाने में कारगर है।

**-सुरभि प्रसाद**, शिक्षिका इस्टीम पब्लिक स्कूल चलियामा।



युवा शक्ति के तीन काम शिक्षा, सेवा और मतदान। अत: सभी देशवासियों से अनुरोध है कि देश में होने वाले महापर्व लोकसभा चुनाव में अपना मतदान अवश्य सभी मतदाता करें। क्योंकि आपके मतदान से देश को विकासशील देश बनाया जा सकता है।

**-सौरभ कुमार**, छात्र इस्टीम पब्लिक स्कूल चलियामा।



हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण होता है। इसलिए हर नागरिक को वोट देना चाहिए। हर मतदाता को यह समझाने का प्रयास करती हूं कि मताधिकार का प्रयोग करने अवश्य जाएं। तभी लोकतंत्र का सही मायने में अभियान पूरा हो सकेगा।

**-अर्पिता कुमारी**, छात्रा इस्टीम पब्लिक स्कूल चलियामा।



भारत के हम नागरिक है और हमारा वोट अनमोल है। इसलिएं सही उम्मीदवार पर ही अपना वोट डाले ताकि राष्ट्र का सही निर्माण हो सके। हमें वोट डालने के लिए अधिकार मिला है। इस अधिकार से किसी भी मतदाता को वंचित नहीं होना है। क्योंकि यह मौका पांच वर्ष में आता है।

**-दिनेश पांडेय**, शिक्षक इस्टीम पब्लिक स्कूल चलियामा।



प्रत्येक मतदाता को शिक्षित और सही व्यक्तित्व वाले प्रत्याशी का चयन करना चाहिए। क्योंकि जो प्रत्याशी विजयी होकर संसद जाता है उसके ऊपर उसकी लोकसभा क्षेत्र की जनता का पूरा भार हो जाता है। इसलिए शत-प्रतिशत मतदान कर अच्छे प्रत्याशी को चुने।

**-पीयूष लाल**, छात्र इस्टीम पब्लिक स्कूल चलियामा।



मतदान एक ऐसी ताकत है जिससे हम अपने देश को बदल सकते है। मतदान प्रतिशत अधिक होने पर सही प्रत्याशी का चयन हो सकेगा। इस बात की सीख लोगों को देती हूं। अमूल्य मत के जरिए हम लोकतंत्र को मजबूती प्रदान कर सकते हैं।

**-मुस्कान कुमारी**, छात्रा इस्टीम पब्लिक स्कूल चलियामा।